# आज लियो है गोकुल में देखो लाला ने अवतार भजन लिरिक्स

आज लियो है गोकुल में,
देखो लाला ने अवतार,
सब खुशी मनाए, बधाई हो,
मंगल गान गावे, बधाई हो,
ठाड़े मुस्कावे, बधाई हो,
आज लियों है गोकुल में,
देखो लाला ने अवतार।bd।

तर्ज – नजर ना लग जाए।

---

यशुदा के अंगना, धूम मची,
गोकुल की गलियाँ, खूब सजी,
गोकुल की गलियाँ, खूब सजी,
गोपी ग्वालो की, भीड़ लगी,
कान्हा के बाबा देखो नंद बाबा,
खुशियों में करते,
मोहरो की बौछार,
सब खुशी मनाए, बधाई हो,
मंगल गान गावे, बधाई हो,
ठाड़े मुस्कावे, बधाई हो,
आज लियों है गोकुल में,
देखो लाला ने अवतार।bd।

---

चाँदी को पलना, रंग भयो,
झूले प्यारा ललना, जनम भयो,
झूले प्यारा ललना, जनम भयो,
आनंद ही आनंद, बरस रह्यो,
बाजे शहनाई चंग नगाड़े की,
देखो मीठी झंकार,
सब खुशी मनाए, बधाई हो,
मंगल गान गावे, बधाई हो,
ठाड़े मुस्कावे, बधाई हो,
आज लियों है गोकुल में,
देखो लाला ने अवतार।bd।

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

मथुरा में जायो, माँ देवकी ने,
गोकुल में पालो, माँ यशोदा ने,
गोकुल में पालो, माँ यशोदा ने,
याके चरण पखारे, यमुना ने,
आँखो का तारा,
पिता वासुदेव की आँखो का तारा,
चमका नंद के द्वार,
सब ख़ुशी मनाए, बधाई हो,
मंगल गान गावे, बधाई हो,
ठाड़े मुस्कावे, बधाई हो,
आज लियों है गोकुल में,
देखो लाला ने अवतार।bd।

---

‘चोखनी’ ने तन मन, वार दियो,
‘पागल’ ने मंगला, चार कियो,
‘पारस’ ने मंगला, चार कियो,
कान्हा ने बड़ो, उपकार कियो,
सारे जगत में देखो जी देखो,
हो रही जय जयकार,
सब ख़ुशी मनाए, बधाई हो,
मंगल गान गावे, बधाई हो,
ठाड़े मुस्कावे, बधाई हो,
आज लियों है गोकुल में,
देखो लाला ने अवतार।bd।

---

आज लियो है गोकुल में,
देखो लाला ने अवतार,
सब ख़ुशी मनाए, बधाई हो,
मंगल गान गावे, बधाई हो,
ठाड़े मुस्कावे, बधाई हो,
आज लियों है गोकुल में,
देखो लाला ने अवतार।bd।

**Singer – Paras Ladla Ji**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com